हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 4 अप्रैल 2026

04 स्टेशन की शराब दुकान हटाने चार दिन से चल रहा...



07 खुरई महोत्सव का आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक...





## खबर संक्षेप

### नर्मदापुरम से नाबालिग को बरामद किया

**विदिशा।** 15 वर्षीय बालक के लापता होने की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस ने नर्मदापुरम स्थित नर्मदा नदी किनारे से बरामद किया है। बालक को परिजनों को सौंप दिया गया हे। बालक 2 अप्रैल की रात कोचिंग के लिए निकला था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में टीम ने संभावित स्थानों, खेतों, जंगलों और सीसीटीवी फुटेज की जांच की। तकनीकी विश्लेषण से लोकेशन ट्रेस कर बालक को ढूंढ लिया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली।

### रंगई धाम पर 25 हजार श्रद्धालुओं ने ली प्रसादी

**विदिशा।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में रंगई मंदिर पर भंडारे हुआ। लगभग 20 से 25 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर किया। आयोजक आकाश सक्सेना (लाला) ने क्षेत्रवासियों, मित्रों एवं समर्पित टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही बड़े भाई धर्मेंद्र सक्सेना, तथा माता-पिता देवेंद्र सक्सेना एवं अनुराधा सक्सेना के मार्गदर्शन व आशीर्वाद को सफलता का आधार बताया।

### मंजरी जैन बनीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी ने सक्रिय कार्यकर्ता मंजरी जैन को



प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। मंजरी जैन लंबे समय से संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करती रही हैं और अपने प्रभावी वक्तृत्व व मजबूत जनसंपर्क के लिए जानी जाती हैं। उनकी नियुक्ति से प्रदेश में पार्टी की मीडिया और जनसंपर्क गतिविधियों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### आज दो घंटे तक गुल रहेगी बिजली

**विदिशा।** बिजली कंपनी के शहरी क्षेत्र के जोन 1 में 33 केव्ही ब्रिटानिया फीडर पर मेंटनेंस का कार्य किया जाना है। जिसके कारण शनिवार सुबह 10 बजे से 2 बजे तक अडानी बिल्मर, ब्रिटानिया, एमपी, पेपर मिल, वाटर वर्क्स, चौपाल सागर, करण एजुकेशन, स्प्रिंगफीलड स्कूल, गटर प्लांट, स्मार्ट बाजार, आदि क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### चोरी का माल बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** थाना मुगलसराय पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा किया है। ग्राम बाबुलखेड़ी में एक घर से अज्ञात आरोपी द्वारा सोना एवं नगद 1 लाख की चोरी किए जाने की सूचना पर थाना मुगलसराय में प्रकरण दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संजय यादव को गिरफ्तार किया।

# गेहूं खरीदी की तैयारी: 24 हजार गठानों में से आधा बारदाना ही उपलब्ध, 14 हजार गठानों की अब भी कमी, 5.81 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया

**10 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू, 86 केंद्र बनाए गए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में 10 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ होने जा रही है, लेकिन खरीदी से पहले बारदाने की कमी प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है। हालांकि प्रशासन के पास खरीदी शुरू होने से पहले ही आधी खरीदी तक का बारदाना मौजूद है।

नागरिक आपूर्ति निगम की प्रबंधक आशा अग्रवाल के मुताबिक 5.81 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य है। इसके लिए कुल 24 हजार गठानों की आवश्यकता है। अभी वर्तमान में लगभग आधा ही बारदाना उपलब्ध है। एक गठान में 500 बोरी (आरदाने) होते हैं। इस हिसाब से 24 हजार गठानों में करीब 1 करोड़ 20 लाख बोरी की जरूरत पड़ेगी।

फिलहाल जिले में 5 हजार 500 गठान जूट बारदाना और 4 हजार 532 गठान प्लास्टिक बारदाना उपलब्ध है। कुल मिलाकर 10 हजार 32 गठानें ही उपलब्ध हैं, जिससे लगभग 50 लाख बोरियों में गेहूं भंडारण किया जा सकता है। शेष लक्ष्य की पूर्ति के लिए अभी लगभग 14 हजार गठानों की और आवश्यकता है।

### 60 केंद्रों पर वारदाना, शेष पर आपूर्ति जारी

जिले में कुल 86 गेहूं खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 60 केंद्रों पर बारदाना पहुंचाया जा चुका है, जबकि शेष 26 केंद्रों पर आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन का कहना है कि खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी केंद्रों पर पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। बारिश का मौसम नजदीक होने के कारण किसान जल्द खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। मौसम में बदलाव की आशंका के चलते किसान अपनी उपज सुरक्षित रखने को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में खरीदी केंद्रों पर समय पर व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक हो गया है।

**सायलों पर भी होगी खरीदी:** इस बार गेहूं खरीदी सायलो (आधुनिक भंडारण केंद्र) पर भी की जाएगी। लेकिन मात्र 25 फीसदी ही खाली है। प्रशासन का दावा है कि खरीदी प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हालांकि, बारदाने की कमी को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि समय रहते अतिरिक्त गठानों की आपूर्ति नहीं हुई तो खरीदी की गति प्रभावित हो सकती है। किसानों और प्रशासन की निगाहें अब समय पर बारदाना उपलब्ध कराने पर टिकी हुई हैं, ताकि समर्थन मूल्य पर खरीदी निर्बाध रूप से संचालित हो सके। मौसम के मिजाज को देखते हुए किसान खरीदी शुरू होने के इंतजार में हैं। क्योंकि कई किसानों की फसल खलिहानों में पड़ी हुई हैं। क्योंकि किसानों के पास भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है जिससे वह इतनी बड़ी मात्रा में अपनी उपज को सुरक्षित स्थान पर रख सकें।

## निजी चिकित्सा संस्थानों के पंजीयन कराने पर स्वास्थ्य विभाग का फोकस

# सीएमएचओ ने जारी की चेतावनी: बिना पंजीयन संचालित निजी अस्पतालों पर होगी सख्त कार्रवाई

***शहर में संचालित निजी अस्पतालों पर अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा सख्ती की जाएगी। ऐसे अस्पतालों और नर्सिंग होम्स की जांच की जाएगी जो बिना पंजीयन के संचालित हो रहे हैं। शहर में संचालित निजी क्लीनिक और नर्सिंग होम्स के बना पंजीयन और अप्रशिक्षित स्टाफ से काम कराने की शिकायतें मिलती रहती हैं। सीएम हेल्पलाइन पर भी शहर के लोगों ने इस तरह के कई मामले उठाए हैं और जांच की मांग की जा रही है।***

- गर्मी का सीजन आते ही खुल जाती हैं नई-नई क्लीनिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार द्वारा नियमों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया है कि निजी नर्सिंग होम एवं अस्पताल (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) नियम, 1997 (संशोधित 2021) एवं अधिनियम 1973 की धारा-3 के तहत निजी क्षेत्र के सभी चिकित्सा संस्थानों का पंजीयन अनिवार्य है। बिना पंजीयन एवं वैध अनुज्ञप्ति के किसी भी प्रकार की चिकित्सा संस्था का संचालन पूर्णतः अवैध माना जाएगा।

### सभी निजी संस्थानों पर लागू होगा नियम

सीएमएचओ ने बताया कि इन प्रावधानों के अंतर्गत नर्सिंग होम, निजी चिकित्सालय, परामर्श केंद्र, औषधालय, पैथोलॉजी प्रयोगशाला, एक्स-रे एवं रेडियो डायग्नोस्टिक सेंटर, डेंटल क्लीनिक सहित सभी प्रकार के क्लीनिक शामिल हैं। इन संस्थानों को विधिवत पंजीयन और अनुज्ञप्ति प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना अनुमति के न तो नए संस्थान खोले जा सकते हैं और न ही पूर्व से संचालित संस्थान जारी रखे जा सकते हैं। उन्होंने सभी संचालकों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल अपनी संस्थाओं का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। जब तक पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण न हो जाए, तब तक किसी भी स्थिति में संस्था का संचालन न किया जाए। हालांकि यह भी सामने आया है कि कुछ क्लीनिक सील किए जाने के बाद चंद दिनों में पुनः सांठगांठ के माध्यम से संचालित होने लगते हैं। ऐसे मामलों में प्रभावी मॉनिटरिंग की कमी महसूस की जा रही है। जिस व्यक्ति की क्लीनिक सील की गई थी, वह दोबारा संचालन तो नहीं कर रहा—इसकी नियमित जांच आवश्यक है।

### उल्लंघन करने पर जुर्माना और कारावास का प्रावधान

डॉ. रामहित कुमार ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई संस्था बिना पंजीयन संचालित पाई जाती है तो संबंधित संचालक के विरुद्ध अधिनियम 1973 की धारा-3 के तहत जुर्माना एवं कठोर कारावास सहित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर निरीक्षण अभियान चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार शहर में कई निजी क्लीनिक बिना पंजीयन और रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं।




इनकी शिकायतें सीएम हेल्पलाइन तक की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व में बिना डिग्री के डॉक्टरों को कई बार नोटिस जारी किए गए हैं तथा कुछ क्लीनिकों को सील भी किया गया है।

### समय पर सख्ती जरूरी

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को समय-समय पर निजी नर्सिंग होम और अवैध क्लीनिकों की सघन जांच कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अक्सर देखा गया है कि गलत इलाज के कारण किसी गंभीर घटना या मृत्यु के बाद ही विभाग सक्रिय होता है। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा अवैध संचालित संस्थानों पर निरंतर निगरानी रखी जाए।

# आंधी-तूफान के बाद रात में घंटों बिजली गुल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

क्षेत्र में अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। गुरुवार रात तेज आंधी से कई घरों से टीनशेड उड़ गए। कई पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं।

रात करीब 12 बजे के बाद अचानक से तेज हवा के साथ आंधी चलीं। हल्की बारिश भी हुई। रात में करीब तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। रात 2.30 बजे के बाद बिजली आई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में मौसम के और खराब रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। गर्मियां आते ही बिजली कंपनी के मेंटनेंस की पोल स्वतः ही खुल जाती है। पिछले तीन दिनों से खराब मौसम के कारण बार बार बिजली गुल होने और फाल्ट आने की शिकायतें आ रही हैं। जब घंटों तक बिजली गुल रहती है तो लोगों के सब्र का बांध टूट जाता है और वह बिजली कंपनी के शिकायत नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं।

फाल्ट ढूंढने में देरी के कारण घंटों तक इन दिनों बिजली गुल रहती हैं। वहीं जगह जगह फाल्ट भी आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब सालभर बिजली कंपनी मेंटनेंस के नाम पर कटौती करती है तो फिर जरा सी हवा और बारिश में जगह जगह फाल्ट क्यों हो जाते हैं।

### गेहूं खरीदी टलने से किसानों में आक्रोश आंदोलन की चेतावनी

**विदिशा।** भारतीय किसान संघ ने कृषि उपज मंडी में आयोजित वार्ता में गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाए जाने पर नाराजगी जताई। संघ ने आरोप लगाया कि पहले 16 मार्च, फिर 1 अप्रैल और अब 10 अप्रैल तक खरीदी टालने से किसानों की फसल खेतों में पड़ी है, जिससे नुकसान का खतरा बढ़ गया है। मंडी में भाव गिरने से व्यापारी कम दाम में खरीदी कर रहे हैं, जबकि किसानों पर ब्याज और पेनल्टी का बोझ बढ़ रहा है। पराली पर एफआईआर को भी गलत बताया गया। शिवराज सिंह बघेल ने प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी।

### राजीनामा के दबाव से परेशान, मांगी सुरक्षा

**विदिशा।** गंजबासौदा निवासी चंद्र मोहन ने मारपीट के एक मामले में लगातार मिल रही धमकियों को लेकर एसपी कार्यालय और कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि घर के पास रहने वाले कुछ लोगों से पूर्व में विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। अब आरोपी पक्ष द्वारा राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। चंद्र मोहन ने आशंका जताई है कि उनके साथ कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### ग्राम पांझ में संत निवास का शिलान्यास संपन्न



**विदिशा।** ग्राम पांझ में सकल दिगम्बर जैन समाज विदिशा द्वारा नव-निर्मित संत निवास का शिलान्यास शुक्रवार प्रातः 8 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी के कर-कमलों से विधि-विधानपूर्वक हुआ। उन्होंने इसे संस्कृति व आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण का महत्वपूर्ण प्रयास बताया। कमल कुमार जैन द्वारा 10 हजार वर्गफीट भूमि दान पर उनका सम्मान किया गया।

### रामायण पाठ के समापन पर हवन के बाद झीलकुआं हनुमान मंदिर पर हुआ भंडारा



**विदिशा।** हनुमान जंयती पर वार्ड नंबर 9 स्थित झीलकुआं हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण पाठ शुरू किया गया था। शुक्रवार दोपहर में रामायण पाठ समापन के बाद हवन की पूर्णाहूति हुई। शाम के समय भंडारे का आयोजन किया गया। वार्ड के करीब 1 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर पर कई वर्षों को प्रतिवर्ष हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकाली जाती है और अखंड रामायण पाठ कराया जाता है जिसकी पूर्णाहूति होने के बाद भंडारे का आयोजन होता आ रहा है।

## भाजपा वैत्रवती मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आज और कल कार्यकर्ताओं रीति नीति व जनप्रतिनिधि भाजपा का इतिहास बताएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भारतीय जनता पार्टी वैत्रवती मंडल द्वारा 4 एवं 5 अप्रैल को बाढ़ वाले गणेश मंदिर परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा। वर्ष 2026 की संगठनात्मक तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा तय करते हुए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री के अनुसार बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रशिक्षण वर्ग विभिन्न सत्रों में आयोजित होगा। प्रत्येक सत्र में अलग-अलग विषयों पर वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा, अध्यक्षता जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाएगी। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, भाजपा की रीति-नीति, पार्टी के इतिहास एवं कार्यपद्धति की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही बूथ प्रबंधन, संगठन विस्तार, चुनावी रणनीति और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के गुर भी सिखाए जाएंगे। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त और संगठनात्मक रूप से सक्रिय बनाना है, ताकि आगामी कार्यक्रमों और अभियानों में बेहतर प्रदर्शन हो।



## टेक्नोलॉजी से और सशक्त होगी पुलिस विभाग की विवेचना

# अपराधों की समीक्षा में नशे पर प्रहार करने के निर्देश

- आदतन अपराधियों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी ने शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अपराधों की मासिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित गंभीर अपराध, एससी, एसटी एक्ट, महिला एवं पॉक्सो प्रकरण, मर्ग, चालान, शिकायतों और न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा कर अपराध नियंत्रण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई गई।

एसपी ने जिले में नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति पर बल देते हुए सभी थाना क्षेत्रों में हॉट स्पॉट चिन्हित करने के निर्देश दिए। नारकोटिक्स टीम गठित कर जन-जागरूकता अभियान चलाने और एनडीपीएस मामलों में सतत कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।



यातायात उल्लंघनों पर सख्त कार्रवाई, चिन्हित हॉट स्पॉट पर नियमित पेट्रोलिंग, न्यायालयीन वारंटों की तामीली और आदतन अपराधियों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए समन्वित एवं तकनीकी रूप से सक्षम पुलिसिंग पर बल दिया गया। बैठक में एएसपी प्रशांत चौबे सहित जिलेभर के सभी डीएसपी, टीआई सहित चौकी प्रभारी तथा शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

### धोखाधड़ी, गोवंश सहित राहत प्रकरणों पर फोकस

साइबर फ्रॉड मामलों में "मिशन मनी बैक" अभियान के तहत पीड़ितों की राशि शीघ्र वापस दिलाने के निर्देश दिए गए। गोवंश से संबंधित अपराधों में कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। राहत प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण तथा पात्र पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

### महिला सुरक्षा व गंभीर अपराधों पर प्राथमिकता

महिला एवं पॉक्सो प्रकरणों की संवेदनशीलता के साथ त्वरित विवेचना कर समयसीमा में चालान पेश करने को कहा गया। हत्या, बलात्कार, डकैती और अपहरण जैसे जघन्य अपराधों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

# आंधी-बारिश का कहर ग्यारसपुर में अन्नदाता बेहाल, सरकार से मुआवजे की लगा रहे गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

तहसील क्षेत्र के गांवों में गुरुवार देर रात कुदरत का कहर आंधी, तूफान और तेज बारिश के रूप में टूट पड़ा। रात करीब 1 से 2 बजे के बीच आए इस मौसमीय प्रकोप ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल और खलिहानों में कटी रखी उपज भीगकर खराब होने लगी है, जिससे अन्नदाता गहरे संकट में है।

खिरिया जागीर के किसान निरंजन कुशवाह ने बताया कि उनकी गेहूं की फसल हार्वेस्टर से कटकर खलिहान में रखी थी, लेकिन अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने पूरी फसल को नुकसान पहुंचा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उपार्जन की तारीखें बढ़ा रही है, जिससे किसान अपनी उपज समय पर मंडियों तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। इससे उनकी चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।किसानों का कहना है कि एक ओर फसल खराब हो रही है, वहीं दूसरी ओर बैंक का कर्ज चुकाना भी मुश्किल हो रहा है, जिससे वे ओवरड्यू की स्थिति में पहुंचते जा रहे हैं। आम उत्पादक किसानों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा है। तेज आंधी के कारण आम की केरी पेड़ों से टूटकर गिर गई, जिससे करीब 30 से 40 प्रतिशत तक



नुकसान हुआ है। लखूली के किसान अरविंद गोस्वामी ने बताया कि इस बार आम की अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन तूफान ने पूरी फसल चौपट कर दी।वहीं तेवरी चाटोली के किसानों ने बताया कि उनकी गेहूं की फसल खेतों में काटकर रखी थी, जिसमें बारिश का पानी भर गया।

उन्होंने किसी तरह अपनी फसल को बचाने की कोशिश की, लेकिन नुकसान से बच पाना मुश्किल हो गया।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्यारसपुर तहसील में उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए और जल्द से जल्द तुलाई शुरू कराई जाए, ताकि खराब मौसम से पहले वे अपनी उपज सुरक्षित बेच सकें। साथ ही, प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत और मुआवजा देने की मांग भी उठाई गई है।

## खबर संक्षेप

### बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

**गंजबासौदा।** विगत एक सप्ताह से विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना के अनेक वार्डों में बिजली प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

### खुदाई से नल-जल योजना प्रभावित



**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम उदयपुर में पिछले एक सप्ताह से ग्रामीण गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। दूरसंचार विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के दौरान नल-जल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके कारण करीब 5000 की आबादी वाले गांव में घरों तक पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। ग्रामीणों को पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। विशेषकर ग्रामीण महिलाओं को 1 से 2 किलोमीटर दूर स्थित हैंडपंपों से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उनकी दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बीएसएनएल की खुदाई के कारण 5 से 6 स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है। पंचायत द्वारा टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया गया है ताकि जल्द से जल्द जल आपूर्ति बहाल हो सके।

### भूसे की कमी की आशंका

**गंजबासौदा।** लगातार हो रही बारिश से खेतों में खडी नरवाई खराब होने लगी है और किसान अब भूसे के संकट की आशंका जता रहे हैं। किसानों का कहना है कि बारिश से नरवाई पच रही है, जिससे काफी कम मात्रा में भूसा बन पा रहा है।

# शहर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 10.43 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,00,000 रुपए है। शहर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बासौदा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 01 के पास स्थित माल गोदाम के समीप भैरो बाबा मंदिर के पास बैठा है और अपने पास ब्राउन शुगर रखे हुए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपक रघुवंशी उम्र 35 वर्ष निवासी गीता टाकीज वाली गली हाल निवास ड्रीम सिटी कॉलोनी के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से 10.43 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। पूछताछ में आरोपी ने अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं, जिनके विरुद्ध पृथक से वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, दिनेश प्रताप सिंह, लालाराम प्रजापति, अभिषेक शुक्ला, अरुण छारी, सरमन साहू, सुमित अवस्थी, सतेन्द्र रावत एवं धर्मेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। आमजन से अपील है कि नशे से अवैध कारोबार से संबंधित किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

# भारी वाहन फंसने से लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पचमा बायपास मार्ग पर और त्योंदा रोड पर भारी वाहनों के चलते आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। शुक्रवार को शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर भारी वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम लगा रहा। जिसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। जाम के कारण पैदल राहगीरों, वाहन चालकों और दुकानदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# रात्रि के समय देर तक हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गत दिवस से ही मौसम बदला हुआ चल रहा है। बुधवार की शाम तेज हवाओं के साथ रुक रुक कर बारिश का दौर चला जबकि गंजबासौदा से सटे हतोड़ा गांव में कुछ मिनिट ओलावृष्टि भी हुई। इस अप्रत्याशित मौसम बदलाव से किसानों की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है।
वहीं गुरूवार शुक्रवार की रात में भी आसमान में काले घने बादल छाए रहे। रात्रि के समय नगर में तेज हवा एवं गरज चमक के साथ तेज बारिश का दौर शुरु हो गया जो देर तक चलता रहा। जिससे नगर की सड़कें पानी से तरबतर हो गईं। वहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आधी रात से लेकर शुक्रवार की तडके तक तेज आंधी एवं गरज चमक के साथ रह रहकर बारिश होती रही। तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर टीनशेड क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कई वृक्षों की शाखाएं टूटकर गिर गईं। इसके अलावा गांवों में हाल ही में लगाए गए कुसुम योजना के सोलर प्लांटों को भी तेज आंधी से नुकसान पहुंचा है और उनके सोलर प्लेट उखडकर क्षतिग्रस्त हो गई हैं। वहीं तेज हवा के साथ बारिश का दौर शुरु होने पर विद्युत कंपनी द्वारा नगर एवं गांवों में बिजली प्रदाय बंद कर दिया गया। जिससे उपभोक्ताओं को बगैर पंखा, कूलर के देर तक समय निकालना पड़ा। बेमौसम बारिश होने से मौसम में कुछ हद तक ठण्डक घुल गई।
यहां उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। अभी भी इलाके भर में कुछेक किसानों की रबी फसलें कटाई और थ्रेसिंग होने से रह गईं हैं। इन दिनों हो रही बारिश से भी फसल कटाई प्रभावित हुई है और फसलों की गुणवत्ता पर असर पड़ा है। इससे मंडी में उचित दाम मिलना मुश्किल हो सकता है, जिससे किसान आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं।

## स्टेशन की शराब दुकान हटाने शिवराज सिंह चौहान दे चुके हैं धरना

# स्टेशन की शराब दुकान हटाने चार दिन से चल रहा धरना



कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला विदिशा

मै जिला आबकारी अधिकारी जिला विदिशा, मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक-27 दिनांक 18 जनवरी-2017 मे कंडिका क्रमांक-4 मदिरा दुकानों के निष्पादन हेतु गठित जिला समिति (सदस्य सचिव) जिला विदिशा, यह आश्वासन देता हूँ कि विदेशी मदिरा दुकान बासौदा जो वर्तमान वर्ष-2017-18 में जिस स्थान पर संचालित हो रही है । यह विदेशी मदिरा दुकान के स्थान परिवर्तन (परिक्षेत्र) के पश्चात ही वर्ष-2018-19 के लिए निष्पादन की कार्यवाही की जावेगी ।

जिला आबकारी अधिकारी,
जिला विदिशा
4/8/17

जिला आबकारी अधिकारी द्वारा 4 अक्टूबर 2017 को जारी किया गया पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार से रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर नगर के युवाओं ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जो चौथे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। शुक्रवार को इस धरना प्रदर्शन स्थल पर एसडीएम अनुभा जैन भी पहुंचीं। जिन्हें धरना दे रहे युवाओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।
यहां उल्लेखनीय है कि शराब दुकान एक व्यस्त क्षेत्र में स्थित है। इसके पास ही प्राचीन श्री राम जानकी, हनुमान मंदिर है, जहाँ श्रद्धालुओं का लगातार आना-जाना रहता है। साथ ही, समीप ही रेलवे स्टेशन होने के कारण महिलाओं और नागरिकों को आवागमन में कठिनाई होती है। धरने में शामिल युवाओं ने बताया कि शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। पूर्व में भी धरने किए गए, थे, जिसके बाद वर्ष 2017 में तत्कालीन जिला आबकारी अधिकारी ने लिखित आश्वासन दिया था कि वर्ष 2018 19 के लिए रेलवे स्टेशन की शराब दुकान परिवर्तित स्थान पर ही संचालित की जाएगी, लेकिन इसके बाद भी रेलवे स्टेशन की शराब दुकान का स्थान परिवर्तन नहीं किया गया।
इसलिए इस बार फिर से नागरिकों ने दुकान हटवाने के लिए धरना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को धरना स्थल पर एसडीएम अनुभा जैन ने पहुंचकर धरने में शामिल लोगों को समझाइश दी। इस दौरान नागरिकों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि शराब दुकान मंदिर एवं रेलवे स्टेशन के पास है और हजारों लोगों का यहां से आवागमन होता है। यहीं बैक, शासकीय कार्यालय, सार्वजनिक स्थान भी हैं। यहां असामाजिक तत्व गाली गलौंच एवं उपद्रव करते रहते हैं। इस दुकान से धार्मिक स्थान की गरिमा प्रभावित होने के साथ ही कानून व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। इसलिए आप से अनुरोध है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र दुकान हटवाने के निर्देश जारी किए जाएं।



### पूर्व सीएम और वर्तमान केन्द्रीय कृषि मंत्री भी दे चुके हैं शराब दुकान हटवाने धरना

**गंजबासौदा।** रेलवे स्टेशन क्षेत्र से कलारी हटाने की मांग नई नहीं है। लगभग 30 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री और तत्कालीन केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इलाके से शराब दुकान हटाए जाने को लेकर धरना दे चुके हैं। ज्ञात हो कि चौहान तब यहां के सांसद थे और लगातार जनसंपर्क करते रहते थे। इस क्षेत्र के निवासियों ने जब देशी शराब ठेके पर होने वाली गुंडागर्दी की शिकायतें उनसे की और नागरिक धरने पर बैठे तो चौहान भी जनभावनाओं का साथ देते हुए धरने में शामिल हुए थे। परिणामतः उस स्थान से देशी शराब ठेका हटा दिया गया था। अब अंग्रेजी शराब ठेका से भी वैसी ही स्थितियां बन रही हैं।

वहीं आबकारी उप निरीक्षक रविशंकर धाकड़ ने बताया कि रेल्वे स्टेशन, बासौदा सिटी, घटेरा, कुल्हार, उदयपुर की शराब दुकानों की अभी नीलामी नहीं हो सकी है। अभी इन पांच दुकानों का संचालन आबकारी विभाग द्वारा किया जा रहा है।

# गुड फ्राइडे पर अनुयायियों ने निकाली प्रभु यीशु की झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गुड फ्राइडे के अवसर पर शुक्रवार शाम शाम के समय बरेठ रोड स्थित चर्च से एक यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बरेठ रोड, भावसार पुलिया से होते हुए जयस्तंभ चौराहे तक पहुंची और फिर वापिस चर्च लौटकर समाप्त हुई। ईसाई समाज के सदस्यों के अनुसार, गुड फ्राइडे प्रतिवर्ष प्रभु यीशु मसीह के बलिदान, उनके दुखों और क्रूस पर हुई मृत्यु की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिन मानवता के प्रति उनके प्रेम और पापों की क्षमा के प्रतीक के तौर पर पवित्र एवं शोकपूर्ण ढंग से मनाया जाता है। यात्रा में यीशु मसीह का वेश धारण किए एक व्यक्ति सबसे आगे चल रहा था। उनके पीछे यीशु मसीह के बलिदान को दर्शाती एक झांकी भी शामिल थी। इस दौरान समाज के अनुयायी प्रार्थनाएं करते हुए यात्रा में साथ चल रहे थे। सुनील आईसक ने बताया कि यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए चर्च वापस पहुंची। चर्च में यीशु मसीह के बलिदान के विषय में जानकारी दी गई। इसके बाद चर्च के फादर द्वारा सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# संस्कार केन्द्र से हो रहा समाज में परिवर्तन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेवा भारती द्वारा शिक्षिकाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन शुक्रवार को आदित्य परिसर में किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में 51 शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस दौरान वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों के बारे में विचार विमर्श किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में सेवा भारती विदिशा के विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, जिला सचिव मयंक टॉक, नगर अध्यक्ष सावन अग्रवाल, सचिव माधव सुहाने, उपाध्यक्ष रवींद्र, कोषाध्यक्ष केयुर शाह सहित सेवा भारती के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मेधावी, नियमित छात्रों का हुआ स्वागत, सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गत दिवस शासकीय प्राथमिक शाला वार्ड क्रमांक 4 चक स्वरूप नगर में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले नन्हे विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से आरती उतारकर, तिलक लगाकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। उत्सव के दौरान शासन की योजना के तहत सभी नवप्रवेशी बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। मध्यान्ह भोजन में विशेष रूप से खीर, पूरी और आलू की सब्जी परोसी गई, जिससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद सरोज रामबाबू रघुवंशी, प्रधान अध्यापिका सीमा ठाकुर, शिक्षिका अंजना शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आभा शर्मा, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष बंटी कुशवाह, सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र रघुवंशी, योगेश अग्रवाल सहित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शैक्षणिक व सहशैक्षणिक उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हर्ष कुशवाह, कक्षा 5 के शौर्य राजपूत, कक्षा 4 की काव्या राजपूत को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा के प्रति जागरूकता और उत्साह का संदेश दिया।

## छप्पन भोग, महाआरती का हुआ आयोजन

# भक्ति में डूबा चक्क हनुमान मंदिर, देर तक चलते रहे भजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

चक्क स्वरूप नगर स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर में हनुमान जी का प्रकटोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत संगीतमय अखंड रामायण पाठ से हुई, जिसके पश्चात सुंदरकांड, हनुमान चालीसा एवं रामायण की चौपाइयों के साथ विधिवत हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति संपन्न हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए इस अनुष्ठान ने सभी श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति कराई। वार्ड क्रमांक 13 चक्क स्वरूप नगर के गंगा गार्डन के परिसर में रात्रि में आयोजित हुई भव्य भजन संध्या इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें सुठालिया और बासौदा के भजन गायकों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से देर रात तक श्रद्धालुओं को बांधे रखा। रिया मालवीय ने "जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, तेरे चरणों में लगे मेरा ये जीवन सारा" भजन प्रस्तुत कर भक्तों को भावविभोर किया। वहीं नगर की मिली कुशवाह ने "राम नाम का प्याला पिला दे हनुमाना, भक्ति की राह दिखा दे हनुमाना" गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नगर के अनिल झा ने "संकट मोचन नाम तिहारो, जो कोई सुमिरे कष्ट निवारो" भजन से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही खाटू श्याम के भजनों "हारे के सहारे, खाटू वाले श्याम, तेरे दर पे आया लेकर अपना हर अरमान" तथा राधा-कृष्ण भजनों "श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम, भक्ति में डूबा हर एक धाम" पर भी श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। रफ्तार म्यूजिकल ग्रुप, भोपाल के कलाकारों ने संगीत की मधुर धुनों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सभी कलाकारों का सम्मान मंदिर के पुजारी मनोज शर्मा, सोनू मित्तल एवं दीपक शर्मा दीपू ने किया। इस अवसर पर भव्य ध्वज शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मातृशक्ति की विशेष भागीदारी ने यात्रा को और भी आकर्षक बना दिया। हनुमान जी को छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा प्रातः काल महाआरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर "जय श्री राम" और "जय हनुमान" के जयघोष से गूंज उठा। आयोजन के दौरान मंदिर एवं आसपास के मार्गों को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था, जिससे रात्रि में मंदिर का दृश्य अत्यंत मनमोहक दिखाई दिया।

# संस्कृत प्रबोधन वर्ग की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संस्कृत भारती के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सात दिवसीय आवासीय संस्कृत प्रबोधन वर्ग को लेकर जनपद पंचायत कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने वर्ग के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की और दायित्वों का निर्धारण किया। बैठक में प्रोफेसर डॉ. बालकृष्ण प्रजापति ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। इसी भाषा में वेद, शास्त्र और पुराण जैसे ग्रंथ रचे गए, जिनमें भारतीय संस्कृति, संस्कार और आदर्शों का व्यापक वर्णन मिलता है। यशवंत दुबे ने कहा कि संस्कृत विश्व को एक परिवार मानने की भावना सिखाती है और आपसी भाईचारे का संदेश देती है। विनोद कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत न केवल आध्यात्मिक ज्ञान देती है, बल्कि सामाजिक जीवन के उच्च आदर्शों का भी बोध कराती है। बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज के सभी आयु वर्ग और वर्गों के इच्छुक प्रतिभागियों तक जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रबोधन वर्ग से जुड़ सकें। इस अवसर पर विनोद कुमार शर्मा, सौरभ सुहाने, भूपेंद्र सेन, अभिलाषा चतुर्वेदी, मोहित शर्मा, संगीता राजपूत, शगुन अग्रवाल, अनिल चतुर्वेदी, विमलेश लोधी, भूपेंद्र रघुवंशी, विपिन शर्मा, घनश्याम कोरी, रजनी भदौरिया, माधवी भाटिया, चंद्रेश तिवारी, सुनील कुशवाह, वेद प्रकाश खरे, प्रशांत सेन, सौरभ सेन, सोहित व्यास, नैनसी तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### निर्माणाधीन भवन से लोहे की प्लेट चोरी

**गंजबासौदा।** ग्राम हतोड़ा में एक निर्माणाधीन भवन से लोहे की प्लेटें चोरी होने का मामला सामने आया है। विगत दिवस इस घटना को लेकर भवन मालिक मुकेश रघुवंशी ने सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। चोर लगभग 25 लोहे की प्लेटें चुरा ले गए, जिनकी अनुमानित कीमत 25,000 रुपये बताई जा रही है। मुकेश रघुवंशी ने पुलिस को बताया कि उनके भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। छत डालने के लिए ठेकेदार द्वारा लोहे की प्लेटें सेटिंग के लिए रखी गई थीं, जिन्हें अज्ञात चोर चुरा ले गए। पिछले कई दिनों से निर्माणाधीन भवनों से लोहे की प्लेटें, सरिया और सीमेंट चोरी होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, यह घटना इसी कड़ी का हिस्सा है।
यहां उल्लेखनीय है कि नगर में इस तरह की छिटपुट चोरी की वारदातें लगातार बढ रही हैं और अधिकांश मामलों में नशे के आदी बच्चे और युवा ऐसी वारदातों में शामिल रहते हैं। वहीं पुलिस भी ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लेती है, जिससे घटनाएं लगातार बढ रही हैं।

खुरई महोत्सव-2026 का तीन दिवसीय आयोजन 5 से 7 अप्रैल तक चलेगा

# खुरई महोत्सव का आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान इसका धार्मिक व आर्थिक महत्वः पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर की पहचान बन चुके सांस्कृतिक कार्यक्रम खुरई महोत्सव-2026 का तीन दिवसीय आयोजन 5 से 7 अप्रैल को पूरी गरिमा और गौरव के साथ संपन्न होगा। यह आयोजन खुरई विधानसभा क्षेत्र की शान है। प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों के साथ सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता इसकी व्यवस्थाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। यह बातभूपेन्द्र सिंह ने जनपद कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित खुरई महोत्सव -2026 के आयोजन की तैयारियों संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहीं है। उन्होंने कहा कि विगत अनेक वर्षों से खुरई महोत्सव के भव्य आयोजनों ने इसका सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक महत्व स्थापित किया है।

खुरई के एतिहासिक किला मैदान को परिश्रम, दिन और संसाधनों के साथ पुनः उसका वैभव लौटाया गया है। आज खुरई का किला एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल बन गया है और उसके प्रांगण में होने वाला खुरई महोत्सव



खुरई के साथ जिले और प्रदेश का एक बड़ा आयोजन बन चुका है। सिंह ने बताया कि इस आयोजन में देश के ऐसे प्रसिद्ध और बड़े आर्टिस्ट अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं जिनकी प्रस्तुतियां जिले और प्रदेश स्तर पर भी नहीं हुई हैं।

पूर्व गृहमंत्री ने बताया कि इस वर्ष के खुरई महोत्सव में 5 अप्रैल की शाम प्रसिद्ध पार्श्व गायक कैलाश खेर, 6 अप्रैल को बालीवुड की प्रसिद्ध सिंगर अकासा तथा 7 अप्रैल को प्रसिद्ध सिने गायक नीरज श्रीधर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। उन्होंने कहा कि अधिकांश विद्यार्थियों की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं इसलिए आयोजन में दर्शकों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा रहेगी। उसी अनुसार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना होंगी। उन्होंने बताया कि खुरई महोत्सव में सैकड़ों छोटे व्यापारी अपनी व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करते हैं। उनको किले के निकट पठार स्थित मंडी में दूकानों के लिए स्थल सुनिश्चित होगा। महाकाली टीन शेड में भी नगरपालिका द्वारा दूकानों के स्टाल लिए जाएंगे। इनमें महिला स्व-सहायता समूहों को स्टाल लगाने के लिए निः शुल्क दूकानें मिलेंगी ताकि वे अपने उत्पादों की ब्रांडिंग व विक्रय कर सकें। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि आयोजन स्थल के आसपास की सड़कों पर कोई व्यावसायिक गतिविधियां संचालित नहीं हों यह सुनिश्चित किया जाए।

सिंह ने किले और नगर की साथ सज्जा, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग, दर्शकों की बैठक तथा आवागमन व्यवस्था, मंच व्यवस्था, तालाब व डोहेला के सौंदर्यकरण सहित सभी बिन्दुओं पर जानकारी ली। सीएमओ राजेश मेहतेल ने बैठक में बताया कि पूरे किला मैदान में स्थायी रूप से सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं जिससे सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ नियंत्रण सटीकता से होगा। किला मैदान में स्टेडियम के लिए स्टेयर्स बनाई जा चुकी हैं।

# संस्कार ग्रीन वैली स्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन व समर कैंप समापन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

संस्कार ग्रीन वैली स्कूल द्वारा किंडरगार्टन विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन समारोह एवं समर कैंप समापन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। यह अवसर नन्हे विद्यार्थियों की उपलब्धियों और उनके समग्र विकास का उत्सव था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कवी राम सेवक रघुवंशी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मज़हर खान प्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के चेयरमैन की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जो ज्ञान और प्रकाश का प्रतीक है। इसके पश्चात छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने काले गाउन और कैप पहनकर आत्मविश्वास के साथ मंच पर आकर अपने ग्रेजुएशन प्रमाण-पत्र प्राप्त किए, जो उनके




शैक्षिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं तथा मंच पर आकर आत्मविश्वास से अपना परिचय भी दिया, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास और प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन हुआ। उनकी मासूमियत और उत्साह ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया।

समर कैंप समापन समारोह के अंतर्गत कला एवं शिल्प, संगीत, नृत्य, खेलकूद तथा व्यक्तित्व विकास जैसी विभिन्न गतिविधियों की झलक प्रस्तुत की गई, जिसने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कवी राम सेवक रघुवंशी ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी और जिज्ञासु बने रहने की प्रेरणा दी। वहीं विशिष्ट अतिथि मज़हर खान ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करने का संदेश दिया।

विद्यालय के चेयरमैन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को उनकी निरंतर मेहनत और सहयोग के लिए बधाई दी तथा समग्र शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी की सराहना की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अतिरिक्त संचालक डॉ. दुबे ने शा. कला व वाणिज्य महाविद्यालय का किया निरीक्षण

**सागर**। उच्च शिक्षा विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय सागर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे ने ओएसडी डॉ. भावना यादव एवं डॉ. रामकुमार गोस्वामी के साथ शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय अग्रणी का गत दिवस औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं परीक्षा संचालन व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के समय प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इमराना सिद्दीकी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जयकुमार सोनी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त संचालक डॉ. दुबे ने सर्वप्रथम शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ के उपस्थिति रजिस्टर का परीक्षण किया। रजिस्टर में कुछ कर्मचारियों के हस्ताक्षर नहीं पाए जाने पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत निरीक्षण दल द्वारा विभिन्न भवनों एवं विभागों का भ्रमण कर कक्षाओं में संचालित अध्ययन-अध्यापन की जानकारी संबंधित प्राध्यापकों से प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की डेली डायरी एवं उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया गया। कुछ विभागों में कमियां पाए जाने पर अतिरिक्त संचालक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। महाविद्यालय में संचालित विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं के संदर्भ में बैठक व्यवस्था, फर्नीचर, प्रकाश एवं पंखों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। परीक्षा समन्वयक डॉ. विनय मिश्रा एवं डॉ. अमर कुमार जैन से परीक्षा संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त कर उन्होंने परीक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने, नकल एवं अनुचित साधनों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात प्राचार्य कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में डॉ. नीरज दुबे ने प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता को निर्देशित किया कि महाविद्यालय में स्टाफ की नियमित एवं समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही शैक्षणिक कैलेंडर एवं निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कक्षाओं का नियमित संचालन किया जाए। परीक्षा कार्य में गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखें।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रमुख मार्गों से निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा में हनुमान जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ गुरुवार को भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। पूरे नगर में धार्मिक वातावरण देखने को मिला और हर ओर जय श्रीराम व हनुमान जी के जयकारों की गूंज सुनाई दी।

कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे गाजे बाजे, डीजे, अखाड़े के साथ मिश्राइन मंदिर से भव्य शोभा यात्रा के साथ हुई,जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री सिद्ध बालाजी मंदिर पहुंची। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। महिलाएं, पुरुष,



युवा और बच्चे सभी बढ़-चढ़कर इस आयोजन का हिस्सा बने।

शोभायात्रा की विशेष आकर्षण विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक धार्मिक झांकियां रहीं। बाहुबली हनुमान,सीता स्वयंवर और अयोध्या में विराजमान रामलला की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कलाकारों की प्रस्तुति इतनी जीवंत थी कि दर्शक भावविभोर हो उठे और कई स्थानों पर लोगों ने खड़े होकर तालियों से उनका स्वागत किया। शोभायात्रा का नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

गौ रक्षा के लिए पहल

# श्री कामधेनु गोशाला में टीन शेड का निर्माण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के नया बस स्टेण्ड स्थित पालीवाल कोठी में दो लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले श्री कामधेनु गौशाला हेतु टीन शेड निर्माण कार्य जनपद सदस्य एवं श्री कामधेनु गौशाला अध्यक्ष पं प्रशांत पालीवाल ने विधिवत भूमिपूजन किया।



वही श्री कामधेनु गौशाला में गौवंश की सुरक्षा के लिए चारा भंडारण की व्यवस्था और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक अतिरिक्त टीन शेड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण से भूंसे का सुरक्षित एवं पर्याप्त भंडारण संभव होगा, जिससे गौवंश को निरंतर चारा उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी। गौशाला में गायों के लिए भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह कार्य कराया जा रहा है, ताकि वर्षा एवं अन्य मौसमीय परिस्थितियों में भी गाय एवं भूसा सुरक्षित रह सके। निर्माण कार्य तेजी से प्रगतिरत है और इसके पूर्ण होने से गौशाला में व्यवस्थाएं और अधिक मजबूत होंगी।

नर्मदा तट रामपुरा घाट पर नाव पलटने की घटना से भी नहीं ले रहे सबक

जनपद उदयपुरा देती है छोटी नाव संचालन का ठेका

# छोटी-छोटी नावों में हो रहा परिवहन हमेशा हादसे की बनी रहती संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

जिले के अंतिम छोर पर तहसील देवरी उदयपुरा जनपद एवं बरेली अनुविभाग के अन्तर्गत आती है। नर्मदा किनारे बसे ग्रामों के ग्रामीण दशकों से छोटी-छोटी नावों में सवार होकर नरसिंहपुर जिले के साईखेड़ा, गाडरवाड़ा जाते आते है। पिछले दिनों राम्मपुरा नर्मदा घाट पर संतुलन बिगडऩे नाव पलटने की घटना के बाद भी छोटी-छोटी कमजोर नावों के द्वारा नर्मदा नदी पार जाने का सिलसिला बना हुआ है।

गनीमत रही कि नाव पलटने की घटना में किसी की जान नहीं गई परन्तु जिस प्रकार बिना सुरक्षा उपायों के नावों का संचालन हो रहा है। कभी भी घटना होने की संभावना बनी रहती है।

उदयपुरा जनपद द्वारा नाव घाटों का नीलामी के माध्यम से ठेका दिया जाता है। ठका लेने के बाद ठेकेदार द्वारा किस प्रकार की नावों का उपयोग किया जा रहा है। इसे देखने,

### नर्मदा तट पुल बनाने की वर्षो से बनी है मांग



सुरक्षा उपायों की अनदेखी, प्रशिक्षित तैराक, गोताखोर के न होने के साथ नावों में क्षमता से अधिक लोगों को बैठाने खरीदी गई भारी सामग्री और मोटर साईकिलों को भी नावों में रख कर नर्मदा में नाव परिवहन की जोखिम भरी परंपरा बनी हुई है।

### नाव से परिवहन मजबूरी

रायसेन जिले की देवरी, उदयपुरा तहसीलों के दर्जनों ग्राम नर्मदा किनारे बसे हुए है। नर्मदा नदी पार करने कोई पुल न होने के कारण नाव से परिवहन मजबूरी बना हुआ है। नर्मदा इस पार से उस पार नरसिंहपुर जिले में पहुंचगें 60-70 कि.मी. का सडक़ से चक्कर लगाना पड़ता है। जबकि नर्मदा में नाव से मात्र 18 कि.मी. पहुंच जाते है। इसी कारण नाव से परिवहन करना ग्रामीणों किसानों की मजबूरी बना हुआ है।

### अधिक सवारी अधिक वसूली-

पर्व त्यौहारों पर भारी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीण नर्मदा तटों पर पहुंचते है। परिक्रमा होने की परंपरा बनी हुई है। तब भरी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा में इस पास से उस पार और उस पार से इस पार आते-जाते है। छोटी-छोटी नावों की भौतिक स्थिति और क्षमता कितनी है। कितनी सवारियों और सामग्री की भार क्षमता है। इसकी जाँच के साथ नाव परिवहन के दौरान सुरक्षा, जीवन रक्षक जैकेट घटना के दौरान गोताखोरों की व्यवस्था जरूरी है। जिन नावों से सामग्री का परिवहन हो उसमें लोगों को न बैठाने के नियमों का पालन भी जरूरी है।

# आसमान में बादलों का डेरा के साथ बढ़ा गर्मी का प्रकोप

## क्षेत्र में हार्वेस्टरों से गेंहू कटाई पर जोर, गेंहू के लग रहे ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

आसमान में घने बादलों का डेरा बना रहने के साथ धूप छांव का खेल बना हुआ है। इसी के साथ गर्मी, उमस भी तेज हो रही है। किसानों द्वारा बार-बार बदल रहे मौसम और आगजनी की अनहोनी की घटनाओं से बचने गेंहू कटाई में हार्वेस्टर का सर्वाधिक उपयोग किया जा रहा है।

हार्वेस्टर से गेंहू की कटाई कम समय में होने के साथ निकला गेंहू सुरक्षित भी रखा जाता है।

वैशाख-अप्रैल का महीना शुरु हो गया है। इसके बाद भी आसमान में बादल छाने और बार-बार मौसम का मिजाज बदलने से क्षेत्र के किसानों में आसमानी आफत से नुकसान का भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। आसमानी आफत आने से पूर्व गेंहू की सुरक्षित



कटाई के लिए किसान हारवेस्टरों का जमकर उपयोग और खेतों में पहुंचने का बेसब्री से इन्तजार भी करते नजर आ रहे है।

### फसल कटाई के लिए हार्वेस्टरों की कमी-

सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में किसानों द्वारा प्रति वर्ष हारवेस्टरों एवं हाथ कटाई थ्रेङ्क्षसग से गेंहू की कटाई की जाती है। इस वर्ष बार-बार मौसम बदलने, बादल छाये रहने की बनी स्थिति से किसानों द्वारा हारवेस्टर से कटाई पर जोर दिया जा रहा है। क्षेत्र में हारवेस्टरों की कमी भी महसूस की जा रही है। गेंहू की कटाई का कार्य अंतिम दौर में चल रहा है। अगले 8-10 दिनों में गेंहू कटाई का कार्य समाप्त होने की संभावना है।




# सीसीटीवी पुलिस कंट्रोल रूम सागर की तत्परता से महिला का खोया बैग 48 घंटे में बरामद

**सागर**। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन सीसीटीवी पुलिस कंट्रोल रूम द्वारा आमजन की सहायता हेतु सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एक महिला का खोया हुआ बैग तत्परता एवं समन्वय से मात्र 48 घंटे में सुरक्षित बरामद कर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया।2 अप्रैल को फरियादिया सुधा सिरोठिया निवासी नवकार कॉलोनी काकागंज, ग्वालियर से हीराकुंड ट्रेन द्वारा सागर आई थीं। रेलवे स्टेशन से ऑटो द्वारा अपने घर जाते समय जुलूस के कारण मार्ग परिवर्तित होकर ऑटो बस स्टैंड की ओर चला गया। इसी दौरान फरियादिया बस स्टैंड पर उतरकर दूसरे ऑटो में बैठकर अपने घर चली गईं, परंतु उनका बैग पहले ऑटो में ही छूट गया। बैग में नगद राशि, कपड़े, घर की महत्वपूर्ण चाबियां एवं एक साइन किया हुआ खाली चेक रखा था, जो अत्यंत संवेदनशील एवं कीमती था। घटना के बाद फरियादिया द्वारा तत्काल थाना गोपालगंज में सूचना दी गई, जहां से उन्हें सीसीटीवी कंट्रोल रूम सागर भेजा गया।फरियादिया की भावुक स्थिति को देखते हुए कंट्रोल रूम टीम ने तत्परता से कार्य प्रारंभ किया।

शोभायात्रा में विशाल हनुमान जी एवं रीक्षराज का रहा विशेष आकर्षण

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर झांकी के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

भगवान श्री हनुमान जी की जयंती के पावन पर्व पर हिन्दू संगठनों विहिप, बजरंग द्वारा नगर में विशाल शोभायात्रा हनुमान जी की झांकी के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में आगे अश्वारोही, ऊंट और विशालकाय हनुमान जी एवं रीक्षराज साथ चल रहे थे जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बने रहे।

श्रीरामलीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार मंदिर में विशेष पूजा, आरती के साथ हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा डीजे, बैंडबाजों के साथ प्रारंभ हुई। युवा और वाहन चालक केशरिया ध्वज पताकाओं के साथ सम्मिलित हुए तो युवाओं के टोलिया हनुमत भक्ति पर नाचते झूमते रहे।

### कई स्थान पर हुआ स्वागत

शोभायात्रा के नगर के प्रमुख मार्गों पर



भ्रमण के दौरान स्थान-स्थान पर धार्मिक श्रद्धालुओं, दुकानदारों द्वारा शीतल जल शरवत, केला इत्यादि की व्यवस्थाओं के साथ सम्मिलित लोगों का स्वागत और हनुमान जी की पूजन आरती की गई। हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा में हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति और सक्रियता बनी रही। प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचने पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ शोभायात्राका समापन हुआ।

# हनुमान जयंती पर छींद धाम में हुई भजन संध्या का आयोजन

**बरेली**। सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में सिद्ध एवं ख्याति प्राप्त हनुमान मंदिर छींद धाम में हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम उत्साह के साथ मनाया गया। हनुमान जी का प्रातः सोने-चांदी के गहनों से श्रृंगार, पूजन, आरती की गई। प्रातः से हनुमान दद्दा के दर्शन करने प्रसाद चढ़ाने भक्तों की भीड़ उमड़ती रही।



**भजन संध्या का आयोजन :** हनुमान जयंती के पावन पर्व पर छींद धाम मंदिर परिसर में भजन संध्या का संगीतमयी आयोजन हुआ। ज़ी टीवी शो सारेगामा के रनर अप गायक कलाकार शोम्या शर्मा, विध्याराज, कृष्णा नागवंशी ने संगीतमयी भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। भजन पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचते झूमते रहे। देर रात्रि तक छींद धाम मंदिर प्रांगण में हनुमान जी के जन्मोत्सव की धूम बनी रही। अतिथियों का छींद धाम सेवक कृष्ण कुमार रघुवंशी एवं साथियों द्वारा स्वागत और तुलसी की माला वितरित की गई।

मुख्य पाइपलाइन में टुल्लू पंप लगाकर खींचा जा रहा पानी, बेपरवाह नपा से लोगों में नाराजगी

# गर्मी बढ़ते ही नलों की धार कमजोर : घंटेभर में बमुश्किल मिल रहा सिर्फ चार बाल्टी पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

गर्मी की दस्तक के साथ ही शहर में पेयजल संकट गहराने लगा है। हालत यह है कि कई वार्डों में नलों से पानी की धार इतनी कमजोर हो गई है कि घंटेभर तक सप्लाई आने के बाद भी परिवारों को बमुश्किल 4 बाल्टी पानी ही मिल पा रहा है।

शहरवासियों का आरोप है कि इस जलसंकट की बड़ी वजह मुख्य पाइपलाइन में अवैध रूप से टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचना है।जिससे अंतिम छोर तक पानी का दबाव ही नहीं पहुंच पा रहा। इसके बावजूद नगर पालिका परिषद कार्रवाई से परहेज करती नजर आ रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है।

शहर के कई मोहल्लों में इन दिनों सुबह-सुबह पानी भरने को लेकर जद्दोजहद का माहौल बन रहा है। महिलाओं और बुजुर्गों को घंटों नलों के पास बैठकर इंतजार करना पड़ रहा है। लेकिन पानी की पतली धार से घर की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे जलापूर्ति व्यवस्था की पोल खुल रही है।

### टीम बनाकर सख्ती जरूरी

नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग उठाई है कि नगर पालिका को तत्काल विशेष चेकिंग टीम बनानी चाहिए। यह टीम अठारह वार्डों में वार्डवार निरीक्षण कर यह जांच करे कि कहां-कहां अवैध टुल्लू पंप लगे हैं, किन इलाकों में पाइप लाइन लीकेज है और कहां पानी का दुरुपयोग हो रहा है। साथ ही दोषियों पर जुर्माना, मोटर जब्ती और कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई भी की जानी चाहिए।

### फोकस पॉइंट

- मुख्य पाइप लाइन में टुल्लू पंप लगाकर अवैध रूप से खींचा जा रहा पानी।
- शहर में बसे अंतिम छोर के घरों तक नहीं पहुंच पा रहा पर्याप्त दबाव।
- कई जगह लीकेज और लापरवाही से व्यर्थ बह रहा पेयजल।
- नागरिकों की मांग: नगर पालिका चेकिंग टीम बनाकर व्यर्थ पानी फेंकने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए।



### नलों में टोटियों के अभाव में बह रहा व्यर्थ पानी

शहर में पेयजल आपूर्ति के दौरान बड़ी मात्रा में पानी की बर्बादी का मामला सामने आ रहा है। जल सप्लाई के दौरान कई स्थानों पर सरकारी नलों में टोटियां नहीं होने के कारण पानी व्यर्थ बहता रहता है। जिससे न केवल जल की बर्बादी हो रही है, बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जलसंकट के इस दौर में इस तरह पानी का व्यर्थ बहना बेहद चिंताजनक है। कई जगहों पर पानी की धार इतनी तेज होती है कि सड़कें कीचड़युक्त हो जाती हैं, जिससे फिसलन और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है।

नागरिकों ने नगर पालिका से मांग की है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया है कि एक सर्वे कर ऐसे सभी स्थानों की पहचान की जाए। जहां नलों में टोटियां नहीं हैं। साथ ही या तो नगर पालिका परिषद स्वयं टोटियां लगवाए या फिर जिनके नल कनेक्शन हैं, उन्हें टोटियां लगाने के निर्देश दिए जाएं।

## कहीं मोटर से खींचा जा रहा पानी, तो कहीं व्यर्थ बह रहा



शहर में एक ओर लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। तो दूसरी ओर कुछ इलाकों में पाइप लाइन से पानी व्यर्थ बहता भी देखा जा रहा है। कहीं लीकेज की वजह से पानी सड़कों पर बह रहा है। तो कहीं लोग टंकियां भरने के बाद भी मोटर बंद नहीं करते। इससे बड़ी मात्रा में पेयजल बर्बाद हो रहा है। नागरिकों का कहना है कि यदि नगर पालिका समय रहते इस पर सख्ती दिखाए, तो जल संकट काफी हद तक कम हो सकता है।

### नगर पालिका की निष्क्रियता पर उठे सवाल

शहरवासियों ने नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि अवैध टुल्लू पंपों पर रोक लगाने, पाइपलाइन लीकेज सुधारने और जल वितरण की निगरानी के लिए अब तक ठोस अभियान नहीं चलाया गया। कई मोहल्लों और कालोनियों में बार-बार शिकायतों के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जल संकट को सिर्फ "गर्मी का सामान्य असर" बताकर टाला नहीं जा सकता। यदि अभी से नियंत्रण नहीं किया गया। तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। अप्रैल और मई महीने में तापमान बढ़ने के साथ पानी की मांग भी बढ़ेगी। ऐसे में मौजूदा व्यवस्था जवाब दे सकती है।

### अब सवाल व्यवस्था पर

शहर में पानी की समस्या सिर्फ सप्लाई की नहीं। बल्कि व्यवस्था, निगरानी और जिम्मेदारी की भी बन चुकी है। जब तक जलापूर्ति तंत्र पर सख्ती नहीं होगी, तब तक कुछ लोग नियम तोड़कर पानी खींचते रहेंगे और आम नागरिक प्यासे परेशान होते रहेंगे। अब जरूरत आश्वासन की नहीं, बल्कि मैदान में उतरकर कार्रवाई की है।

### पाइप लाइन पर टुल्लू पंप बने सबसे बड़ी परेशानी

स्थानीय लोगों के मुताबिक शहर के कई इलाकों में कुछ लोगों ने मुख्य जलापूर्ति पाइप लाइन से सीधे टुल्लू पंप जोड़ लिए हैं। इससे वे तेज दबाव से पानी खींच लेते हैं और बाकी उपभोक्ताओं के हिस्से में सिर्फ कमजोर सप्लाई बचती है। सबसे ज्यादा परेशानी उन घरों को हो रही है जो लाइन के आखिरी हिस्से में हैं। रहवासियों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। लेकिन हर साल गर्मी शुरू होते ही यह और विकराल हो जाती है। शिकायतें नगर पालिका तक पहुंचती हैं। लेकिन कुछ दिनों की खानापूर्ति के बाद फिर वही स्थिति बन जाती है।

### इनका कहना है

नलों में टोटियां लगाए जाने लोगों को पानी का महत्व बताने जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। पानी का फिजूल खर्च रोकने के लिए टुल्लू पंप जब्त करने के लिए विशेष मुहिम जल्द चलाकर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

**- परमानंद विश्वकर्मा,** जल सप्लाई प्रभारी, नगर पालिका परिषद, रायसेन।

2 लाख की शराब और बोलेरो जब्त

## पुलिस ने 23 पेटी शराब के साथ दो आरोपियों को दबोचा




पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के बम्होरी थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 पेटी अंग्रेजी शराब से भरी एक बोलेरो जीप जब्त की है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

पुलिस के मुताबिक, थाना प्रभारी प्रीतम सिंह राजपूत को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बोलेरो वाहन में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर कार्रवाई की और बम्होरी क्षेत्र में बोलेरो जीप क्रमांक एमपी 04 ईबी 2352 को रोककर तलाशी ली।

तलाशी के दौरान वाहन से 23 पेटियां अंग्रेजी शराब बरामद की गईं। पुलिस ने वाहन में सवार दो युवकों को मौके से हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान मोंटी मेहरा (24) पिता काशीराम मेहरा, निवासी डोकरी बामनई थाना बम्होरी तथा अमन उर्फ गोरेलाल जायसवाल (22) पिता नंदलाल, निवासी मऊगंज के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही शराब से भरी बोलेरो जीप को भी जब्त कर लिया गया है।

### जब्त शराब की कीमत करीब 2 लाख रुपए

थाना प्रभारी प्रीतम सिंह राजपूत ने बताया कि जब्त की गई शराब की मात्रा करीब 204 लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां खपाने की तैयारी थी।

## आज कृषि मेला तैयारियों का निरीक्षण करेंगे शिवराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के दशहरा मैदान में प्रस्तावित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला की तैयारियों को लेकर शुक्रवार शाम जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मेले की तैयारियों को समय पर, व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता और सीईओ कमल सोलंकी ने कार्यक्रम स्थल के साथ आसपास के वार्ड 11, 12, 13 और 17 का भी बारीकी से निरीक्षण किया।

मालूम हो कि रायसेन शहर के दशहरे मैदान में आयोजित तीन दिवसीय वृहद कृषि महोत्सव में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री व क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

## गुड फ्राइडे पर हाथों में बाइबल-क्रॉस लेकर जुलूस में शामिल हुए धर्मावलंबी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

गुड फ्राइडे पर शुक्रवार शाम को शहर में ईसाई समाज ने श्रद्धा और आस्था के साथ प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद किया। सांची मार्ग स्थित कॉन्वेंट स्कूल परिसर के सेंट फ्रांसिस चर्च में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए। शाम करीब 5 बजे चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई, जिसके बाद शहर में श्रद्धा जुलूस निकाला। जुलूस में एक खुली जीप में सजाई प्रभु यीशु की झांकी में बच्चों और समाज के लोगों ने प्रभु यीशु को कोड़े मारने और क्रूस पर चढ़ाने के दृश्य प्रस्तुत किए। जुलूस में शामिल समाज के लोगों ने हाथों में बाइबल और क्रॉस चिन्ह लेकर प्रभु यीशु की सात वाणियों का मनन किया। पूरे मार्ग में श्रद्धा और शांति का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर फादर अभिलाष, सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल की प्राचार्य सिस्टर हेलेन, आशीशी किंडर सहित बड़ी संख्या में मसीही समाजजन उपस्थित रहे।

## बेमौसम बारिश और आंधी का कहर, पेड़ गिरे फसलें बर्बादी के कगार पर, किसान भी चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

क्षेत्र में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है, जिससे जनजीवन और खेती दोनों पर असर पड़ा है। गुरुवार-शुक्रवार देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच तेज आंधी-तूफान ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। तेज हवाओं से कई पेड़ धराशाही हो गए, जबकि कई पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों और खेतों में बिखर गईं। देर रात तक हल्की बूंदाबांदी का दौर भी जारी रहा। कई घंटे तक क्षेत्र में बिजली गुल रही, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा।

सागोनी मोहल्ले में एक कई साल पुराना आम का पेड़ आंधी की चपेट में आकर धराशाई हो गया। वहीं तेज हवाओं के कारण आम के पेड़ों पर लगी केरियां भी बड़ी संख्या में गिरकर जमीन पर बिखर गईं, जिससे बागवानों को नुकसान उठाना पड़ा है।

इससे एक दिन पहले भी क्षेत्र में आधे घंटे तक तेज बारिश हुई थी, जबकि विनोद गांव में ओलावृष्टि दर्ज की गई थी। लगातार बिगड़ते मौसम ने किसानों



की चिंता और बढ़ा दी है। बेमौसम बारिश और ओलों के कारण कई किसानों की गेहूं ,चने की फसलें खराब हो चुकी हैं, जबकि कई किसानों की कटी हुई गेहूं, चने की फसल खेतों में ही पड़ी है, जो अब खराब होने के कगार पर पहुंच गई है।

### बारिश और आग से गेहूं फसल पर दोहरी मार

**सलामतपुर।** सांची जनपद क्षेत्र में गेहूं खरीदी केंद्र अब तक शुरू नहीं होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में गेहूं की फसल कई जगह कटकर खुले में रखी हुई है, तो कहीं अब भी खड़ी है। किसान सरकारी खरीदी केंद्र शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि सीधे तुलाई केंद्र पर अपनी उपज बेच सकें। इधर मौसम में अचानक बदलाव आया है और बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कटाई के बाद खुले में रखी फसल बचाने किसानों को पसीना आ रहा हैं। वहीं खड़ी फसल भी बारिश के कारण आड़ी होकर खराब हो रही है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में उमड़ा आस्था का भारी सैलाब

दो किलोमीटर लंबी भव्य शोभायात्रा में दिखा अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। राकेश वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन की पूरे क्षेत्र में भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है। आस्था और उत्साह का आलम यह था कि लगभग 2 किलोमीटर लंबी इस शोभायात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे पूरा नगर 'जय श्री राम' और 'वीर हनुमान' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

शोभायात्रा का शुभारंभ वर्ण कॉलोनी स्थित बालाजी हनुमान मंदिर से हुआ। यात्रा में सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र भगवान



श्री सीताराम जी की 20 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा और जंप करती हुई हनुमान जी की जीवंत प्रतिमा रही। उज्जैन से विशेष रूप से बुलाए गए ढोल-ताशों की थाप पर सैकड़ों बच्चियों ने अखाड़े में जान की बाजी लगाकर हैरतअंगेज करतब दिखाए, जिन्हें देख दर्शक दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए।

चलित मंच पर भगवान श्री सीताराम, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वरूप विराजमान थे। जिनके समक्ष अप्सराओं के वेश में कलाकार नृत्य कर रहे थे। डीजे की धुनों पर नगर के नवयुवक थिरक रहे थे तो दूसरी ओर धूल और नगाड़ों की पारंपरिक थाप ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

पूरी यात्रा रंग-बिरंगी लाइटों से सुसज्जित थी। शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच लगाकर श्रद्धालुओं के लिए लस्सी मिष्ठान और प्रसाद का वितरण किया गया।

### ढोल-नगाड़ों के साथ नगर में निकाला भव्य चल समारोह

**सिलवानी।** श्री हनुमान जयंती पर गुरुवार देर शाम नगर के प्राचीन श्रीराम मंदिर जमुनियापुरा से एक विशाल चल समारोह का शुभारंभ हुआ। गाजे-बाजे, डीजे, ढोल-नगाड़ों के बीच प्रारंभ हुआ यह जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लगभग 2 किमी का सफर तय कर करीब 4 घंटे में संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और लोग घरों के बाहर निकलकर इस भव्य आयोजन का स्वागत करते नजर आए।

चल समारोह में झांकियां और प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विशेष रूप से भगवा पगड़ी धारण किए बालिकाओं की टोली ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इसके अलावा एक श्रद्धालु को हनुमान जी का स्वरूप धारण कराया गया था।

28.26 लाख की लागत से बनकर हुई तैयार

## आंगनबाड़ी केंद्र का विधायक डॉ चौधरी ने लोकार्पण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

ग्राम पंचायत शाहपुर के ग्राम भगवंतपुर में शुक्रवार को 28.26 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन आंगनवाड़ी केंद्र का विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने विधिवत लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह केंद्र क्षेत्र में बाल विकास और पोषण को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

अतिथियों ने आंगनवाड़ी केंद्र की सुविधाओं का अवलोकन कर उपलब्ध सेवाओं की सराहना की। केंद्र के शुरू होने से लोगों को पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुशील सुड़ेले ने युवाओं से जागरूकता का आह्वान किया

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का भव्य आयोजन, धर्म के साथ संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

## लव जिहाद जैसी घटनाएं रोकने के लिए समाज को जागरुक और संगठित होने की सख्त आवश्यकता : सुशील सुड़ेले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर नगर में एक भव्य वक्तव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम गुरुवार रात्रि को सांदीपनि विद्यालय के खेल मैदान में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था और उत्सव का माहौल दिखाई दे रहा था।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विहिप के मध्य भारत प्रांत के प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख सुशील सुड़ेले विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में वर्तमान सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें लव जिहाद जैसी घटनाएं समाज के लिए चिंता का विषय बनती जा रही हैं। उन्होंने इसे रोकने के लिए समाज को जागरूक और संगठित होने की आवश्यकता बताई।

इसके साथ ही उन्होंने सीमापार आतंकवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा के लिए यह एक गंभीर खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में नागरिकों को सतर्क रहकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया।

### कार्यक्रम में सहयोग देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया

कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता सुशील सुड़ेले द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों, व्यायाम शालाओं के प्रतिनिधियों एवं हनुमान जयंती कार्यक्रम में सहयोग देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। उन्हें शील्ड




भेंट कर एवं भगवा अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा।

इस अवसर पर मंच पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारी महेश नामदेव, गजेंद्र गुप्ता, नारायण यादव, रानू सोनी, आनंद ठाकुर और प्रशांत शर्मा भोपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे समाज में जागरूकता लाने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया। कार्यक्रम का संचालन नीरज यादव द्वारा कुशलता पूर्वक किया। आयोजन के दौरान श्रोताओं में उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। अंत में आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

### युवाओं के कंधों पर संस्कृति धर्म रक्षा की जिम्मेदारी

सुड़ेले ने अपने वक्तव्य में भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे हमारी पारंपरिक जीवन शैली और संस्कार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऋषि-मुनियों की भूमि है और इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। यदि समय रहते इस दिशा में प्रयास नहीं किए, तो हमारी सांस्कृतिक को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य है और उनके कंधों पर ही संस्कृति और धर्म रक्षा की जिम्मेदारी है। युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने संस्कारों को पहचानें और अपने धर्म के प्रति जागरूक रहें।